आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- समुद्र मंथन मिशन के तहत ऑयल इंडिया ने अंडमान अपतटीय ब्लॉक में प्राकृतिक गैस की खोज में दूसरी सफलता हासिल की।
- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की कल 10वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 21 जून को होने वाली नीट–यूजी की पुनः परीक्षा के लिए केन्द्रों की सूचना जारी कर दी है।
- मत्स्य पालन विभाग केंद्रशासित प्रदेश योजना के तहत मछुआरों के लिए सब्सिडी कार्यक्रम लागू कर रहा है।

<><><><><><><>

समुद्र मंथन मिशन के तहत ऑयल इंडिया ने अंडमान अपतटीय ब्लॉक में प्राकृतिक गैस की खोज में दूसरी सफलता हासिल की है। इस संबंध में केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जानकारी देते हुए कहा कि इस खोज से सीमांत बेसिन आने वाले वर्षों में एक महत्वपूर्ण हाइड्रोकार्बन उत्पादक क्षेत्र के रूप में उभर सकता है। यह नवीनतम खोज श्री विजयपुरम–3 खोजी कुएँ में की गई है, जो अंडमान द्वीपसमूह के पूर्वी तट से लगभग 15 किलोमीटर दूर तथा 355 मीटर गहरे समुद्री जल क्षेत्र में स्थित है। केन्द्रीय मंत्री ने इस उपलब्धि को भारत की घरेलू ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से अपतटीय बेसिनों में बढ़ाए गए अन्वेषण प्रयासों की दिशा में एक और सकारात्मक विकास बताया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से नौ जून दो हजार सोलह को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरूआत की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य सभी गर्भवती महिलाओं को एक निश्चित दिन, मुफ्त, सुनिश्चित, व्यापक और गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल सेवाएं प्रदान करना है। यह अभियान हर महीने की नौ तारीख को आयोजित किया जाता है। इस सिलसिले में कल इस राष्ट्रव्यापी अभियान की दसवीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। इस वर्ष का विषय 'पी एम सुरक्षित मातृत्व अभियान के दस वर्ष–सुरक्षित गर्भावस्था, स्वस्थ माताएं, मजबूत भारत' है।

इस अवसर पर सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष स्क्रीनिंग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत पूरे द्वीपसमूह में विशेष 'आयुष्मान आरोग्य शिविर' भी आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

भारत में पिछले 12 वर्षों में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव आया है। सरकार ने नीतिगत सुधारों और जनभागीदारी के जरिए वन क्षेत्र को बढ़ाने, नदियों को साफ करने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस दौरान 2014 में नदियों के प्रदूषण को कम करने और गंगा नदी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम शुरू किया गया था। इसके अंतर्गत कुल 524 परियोजनाएं मंजूर की गईं, जिनमें से इस वर्ष फरवरी तक 355 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। 2015 में ग्रीन इंडिया मिशन  की शुरुआत हुई। यह मिशन वनों के विस्तार और पारिस्थितिकी तंत्र को सुधारने पर केंद्रित है। कुल वन क्षेत्र के मामले में भारत दुनिया में 9वें स्थान पर पहुंच गया है। वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की, जो दुनिया के सबसे बड़े जन–पर्यावरण आंदोलनों में से एक बनकर उभरा है। पिछले साल दिसंबर तक इस अभियान के तहत कुल 262 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए। वर्ष 2022 में शुरू किए गए मिशन लाइफ ने जीवनशैली–आधारित जलवायु कार्रवाई में भारत को एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करके इसकी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को मजबूत किया है।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के गांधी नगर सामुदायिक भवन में कल ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को लेकर पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जमीन के सर्किल रेट बढ़ाए जाने, 500 वर्ग मीटर जमीन के बजाय 1000 वर्ग मीटर जमीन और प्रभावित किसानों को विशेष पैकेज दिए जाने पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 21 जून को होने वाली नीट–यूजी की पुनः परीक्षा के लिए केन्द्रों की सूचना जारी कर दी है। एजेंसी द्वारा जारी एक सार्वजनिक सूचना के अनुसार, पुनः परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजकर पन्द्रह मिनट तक भारत के 551 शहरों और विदेशों के 14 शहरों में पेन और पेपर मोड में आयोजित की जाएगी। एजेंसी ने उम्मीदवारों से परीक्षा और एडमिट कार्ड जारी होने से संबंधित नवीनतम घोषणाओं के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइटों पर अपडेट रहने का आग्रह किया है।

मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट–यूजी परीक्षा इस वर्ष 3 मई को हुई थी, लेकिन पेपर लीक के आरोपों के बीच एनटीए ने 12 मई को इसे रद्द कर दिया था। सीबीआई वर्तमान में इस मामले की जांच कर रही है और पुनः परीक्षा 21 जून को निर्धारित है।

<><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग केंद्रशासित प्रदेश योजना के तहत मछुआरों के लिए सब्सिडी कार्यक्रम 'मत्स्य पालन इनपुट की आपूर्ति – आवश्यक मत्स्य पालन आवश्यकताएं' लागू कर रहा है। गैर–जनजातीय श्रेणी के लिए 50 प्रतिशत और जनजातीय श्रेणी के लिए 75 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए आवेदक को द्वीपसमूह का मछुआरा या जनजाति, उनके पास पंजीकृत गैर–मोटरीकृत या मोटरीकृत मछली पकड़ने वाली नाव, साथ ही वर्तमान वर्ष सहित लगातार दो वर्षों का वैध मछली पकड़ने का लाइसेंस होना चाहिए। इसके लिए वर्ष 2026–27 के दौरान आवश्यक मत्स्य पालन आवश्यकताएं खरीदने के इच्छुक नगरपालिका और जनजातीय क्षेत्रों के मछुआरों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन फॉर्म और विस्तृत नियम व शर्तें मत्स्य पालन निदेशालय, क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालयों और नजदीकी मत्स्य उप–केंद्रों से प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अलावा फॉर्म प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन 30 जून तक मत्स्य क्षेत्रीय कार्यालय या उप–केंद्र में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन राष्ट्रीय दिशा–निर्देशों के अनुरूप, टीबी मुक्त भारत अभियान – 100 दिवसीय अभियान को सक्रिय रूप से लागू कर रहा है। यह अभियान तपेदिक के उन्मूलन के लिए व्यापक और लक्षित दृष्टिकोण पर केंद्रित है। इसके मुख्य उद्देश्यों में कमजोर आबादी और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के बीच चेस्ट एक्स–रे और तत्काल नैट परीक्षण का उपयोग करके जांच के माध्यम से टीबी के सभी छूटे हुए मामलों की जल्द पहचान करना शामिल है। इस सिलसिले में कुल 672 आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित कर लोगों की जांच की गई, जिसमें 86 टीबी के मामले मिले। शिविर के दौरान निक्षय मित्र के लिए कुल 7,210 पंजीकरण हुए। अभियान के तहत स्कूल– कॉलेजों, संबद्ध मंत्रालयों, सार्वजनिक उपक्रमों और माई भारत की ओर से गतिविधियां आयोजित की गई। प्रशासन ने सभी नागरिकों से टीबी के खिलाफ इस लड़ाई में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया है और लोगों से निक्षय मित्र के रूप में आगे आने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

समुद्र मंथन मिशन के तहत अंडमान अपतटीय ब्लॉक में प्राकृतिक गैस की दूसरी खोज के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना के संबंध में उप–राज्यपाल के कथन राष्ट्रीय सुरक्षा और पारिस्थितिक जिम्मेदारी साथ–साथ चल सकती है को भी प्रमुखता दी है। अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी ने एन एच–4 में शक्तिगढ़ के नजदीक कल्वर्ट के टूट कर गिरने और यात्रियों को हुई परेशानी के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। इंफो इंडिया ने द्वीपसमूह में खेत बचाओ अभियान के आयोजन के समाचार को पहले पन्ने पर छापा है, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने बाराटांग स्थित लोरोज़िग में पुल के डूबने से यातायात बाधित होने के समाचार को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>